Title: Regarding indefinite strike of Doctors in All India Institute of Medical Sciences (AIIMS).

श्री रमेश चेन्नितला (मवेलीकारा) : उपाध्यक्ष महोदय, ऐम्स देश के सबसे महत्वपूर्ण और अच्छे संस्थानों से है। पिछले एक हफ्ते से ऐम्स में हड़ताल, प्रदर्शन इत्यादि चल रहे हैं। हज़ारों की तादाद में मरीज इलाज के लिये जाते हैं लेकिन डाक्टर्स और कर्मचारी सब हड़ताल पर हैं, इसलिये मरीजों की देखभाल के लिये कोई नहीं है..

श्री राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव : उपाध्यक्ष महोदय, इसी बीच में वहां एक एक्स एम.पी. की मृत्यु हो गई है।

श्री रमेश चेन्नितला : उपाध्यक्ष महोदय, अभी- अभी हमारे एक मित्र ने बताया है..

MR. DEPUTY-SPEAKER: What do you want the Central Government to do? This matter has already been taken up earlier.

श्री रमेश चेन्नितला : उपाध्यक्ष महोदय, एक एक्स एम.पी. का निधन हो गया है। हमारे हैल्थ मिनिस्टर ऐम्स के चेयरमैन हैं। मेरी सरकार से प्रार्थना है कि जल्द से जल्द इन लोगों को बुलाकर बात की जाये और जो समस्या है, उसका जल्दी समाधान किया जाये। पिछले दिनों डायरेक्टर को कर्मचारियों ने मारा था। जहां तक डिसिप्लिन की बात है, कर्मचारियों का सस्पेंशन आर्डर चेयरमैन/मंत्री ने विदड्रा कर लिया था मगर जूनियर डाक्टर्स पर अत्याचार हो रहे हैं, उनके बारे में यह सरकार नहीं सुनती है। मेरी सरकार से प्रार्थना है कि स्वास्थ्य मंत्री उन लोगों की एक मीटिंग बुलाकर बातचीत करें और इस समस्या के समाधान की कार्य्वाही करें।